



नवभारत

भोपाल, सोमवार 01 दिसम्बर, 2025


## एक नजर में

### राठी के पुत्र का हाल जानने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह



**सारंगपुर 30 नवंबर, सं.** कांग्रेस नेता एवं आईटी सेल जिला अध्यक्ष अखिलेश राठी के पुत्र राघव राठी का उपचार सीनियर हीमैटोलॉजिस्ट एवं हीमैटो-ऑन्कोलॉजिस्ट (खून तथा खून से जुड़े कैंसर) मेडिकेयर हॉस्पिटल इंदौर में चल रहा है, जैसे ही इसकी जानकारी प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को लगी तो वह तुरंत ही अस्पताल में अपने क़रीबी युवा नेता अखिलेश राठी के पुत्र राघव राठी हाल जानने पहुंचे और अस्पताल प्रबंधन को बच्चे के बेहतर उपचार के निर्देश देते हुए परिवारजनों को हर संभव सहायता का भरोसा भी दिया. इस दौरान उन्होंने बच्चे के जल्द स्वस्थ होने की कामना की. इस दौरान मेडिकेयर के मालिक डॉ. ब्रजेश लाहोटी, डॉ.अक्षय लाहोटी, डॉ.मनीष नेमा सहित राठी के परिजन एवं अस्पताल प्रबंधन के लोग उपस्थित थे.

### पवन सिंह उमठ का अग्निवीर में चयन

**झाड़ला 30 नवंबर, सं.** झाडला गांव गरीब किसान परिवार के युवा पवन सिंह उमठ का अग्निवीर में चयन हो गया है. उनके चयन होने पर ग्रामीण जन ने आशीर्वाद दे कर भाव भिन्नी बिधाई दे कर ट्रेनिंग के लिए भेजा. उन्होंने ने अपनी पढ़ाई गांव के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विधालय से की, गांव मे रह कर पिता शिवराज सिंह के साथ किसानी करते हुए अग्निवीर मे चयन पाया है. पवन सिंह की माँ ग्रहणी है और पिता के साथ खेती मे सहयोग करती है. उनके चयन होने पर उन्होंने गांव के श्री खेड़ा पति हनुमान मंदिर पर परायण और विशाल भंडारे का आयोजन रखा. जिसमे ग्रामीण जानो के साथ सेकडो की संख्या मे लोगो ने सह भोज किया. उनके चयन उनके नानाजी रूप सिंह राजपूत, प्रहलाद सिंह राजपूत, बहादुर सिंह राजपूत, सरदार सिंह राजपूत सहित सभी ग्रामीण जनों द्वारा उनको बधाई दी गई.

### प्रतिबंध के बावजूद खाद के साथ थमा रहे उत्तम पाउच


**खिलचीपुर 30 नवंबर, सं.** रवि फसल के सीजन के चलते किसानों को युरिया,डी ए पी उर्वरक की फसलों में अति आवश्यकता है जिसको लेकर किसान सोसाइटी व खाद व्यापारियों की दुकानों पर खाद लेने हेतु अपने कामकाज को छोड़कर खाद खरीदने की जुगाड़ में खाद की दुकानों पर चक्कर लगा रहे हैं,वही खाद व्यापारी किसानों का खून चूसने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं. जिला कलेक्टर व कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा समस्त खाद व्यापारियों को निर्देशित किया गया है, कि खाद निर्धारित रेट पर ही किसानों को विक्रय करें ओर उत्तम का पाउच किसानों को जबरजस्ती कर न दे. बहुत समय से किसानों द्वारा शिकायत मिल रही थी कि खाद व्यापारी किसानों को निर्धारित रेट से अधिक रेट में यूरिया ,डीएपीखाद विक्रय कर रहे हैं. इस बात को लेकर जब मीडिया ने जायज़ा लिया तो छापीहेड़ा नाके पर स्थित खाद की दुकानों पर खाद खरीदने वाले किसानों हेमराज दांगी ,बीरम पिता मांगीलाल फीतापुरा, नारायण सिंह विश्वकर्मा निवासी ब्यावरा खुर्द ने बताया हमें खाद व्यापारी जबरदस्ती यूरिया खाद की बोरी के साथ उत्तम का पाउच1919 जिसकी प्राइस लगभग 260 है जिसे युरिया खाद के बोरी के साथ अलग से रूपया लेकर दे रहे हैं जिससे हमें एक खाद की बोरी 520 रुपए में पड़ रही है ।हम किसान 270 की खाद की बोरी उत्तम पाउच के साथ लेने को मजबूर है ओर जिला कलेक्टर के निर्देश के बावजूद भी कृषि विभाग अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं ऐसे में खाद्य व्यापारी हम किसानों का शोषण कर रहे हैं. इस विषय में व्यापारियों से चर्चा हुई तो बताया हमें कंपनी से ही उत्तम पाऊच 1919 साथ में देते हैं इनका हम क्या करें.

# रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, चालक की मौत

## रेत खनन के परिवहन के दौरान हुआ हादसा, धड़ल्ले से चल रहे अवैध खनन पर नकेल नहीं लगा पा रहा विभाग

**नरसिंहगढ़ तहसील के बरोड़ी गांव के पास हुई रविवार को घटना**

**अवैध रेत उत्खनन पर उठे सवाल, पुलिस प्रशासन अनजान**



**नवभारत न्यूज**

**नरसिंहगढ़/ कुरावर 30 नवम्बर, सं. नरसिंहगढ़ तहसील के तहत ग्राम बरोड़ी के समीप रविवार की सुबह एक ट्रेक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर रोड से से नीचे खाई में जाकर पलट गया. दुर्घटना में ट्रेक्टर के चालक ने दम तोड़ दिया.**

जानकारी के अनुसार रविवार सुबह करीब 7 बजे ग्राम बरोड़ी स्थित पुलिया के समीप रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से ड्राइवर की मौत हो गई. वाहन पार्वती नदी के समीप ग्राम सुंडी से रेत लेकर नरसिंहगढ़ की ओर जा रहा था. बताया जा रहा है कि अचानक ब्रेक फेल होने से ट्रॉली पुलिया पर से पलट गई और चालक मुकेश पिता देवचंद धनगर उम्र 40 वर्ष निवासी बलवटपुरा नरसिंहगढ़ ट्रॉली के नीचे दब गया. जिससे चालक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा ग्रामीणों की मदद से शव को ट्रॉली से बाहर निकाला गया. सिविल अस्पताल नरसिंहगढ़ में पीएम उपरान्त शव परिजनों को सौप दिया गया. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. दुर्घटनाग्रस्त ट्रेक्टर-ट्रॉली अनवर पिता मुख्तार अंसारी निवासी नरसिंहगढ़ की बताई जा रही है.

### कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

इस क्षेत्र में इससे पूर्व भी गंभीर घटनाएं हो चुकी है. ग्रामीणों का कहना है कि देवगढ़ चौकी क्षेत्र में लगभग 30 गांव आते हैं, लेकिन नियमित रुप से पुलिश गश्त नहीं होती है. क्षेत्र में अवैध गतिविधियां संचालित हो रही है. फिलहाल इस तरह की घटनाओं से संबंधित जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे है. खनिज विभाग की चैकिंग भी जिले में नजर नहीं आती. कईं अवैध खदाने संचालित हो रही है.

### प्रतिबंध के बावजूद जारी अवैध उत्खनन

जानकारी के अनुसार रेसई बांध परियोजना क्षेत्र में वर्ष 2017-18 से रेत उत्खनन पूर्णतः प्रतिबंधित है, बावजूद इसके पार्वती नदी किनारे ग्राम सुंडी में अवैध रेत उत्खनन लगातार हो रहा है. स्थानीय लोगों का कहना है कि रविवार की घटना में जिस रेत से भरी ट्रॉली ने चालक की जान ली, वह भी इसी क्षेत्र से भरी जा रही थी. घटना स्थल देवगढ़ चौकी क्षेत्र में आता है, लेकिन संबंधित विभाग इस अवैध गतिविधि से अनजान बने हुए है. ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में जमकर खनन चल रहा है. रात भर रेत की ट्रालियां दौड़ती है, लेकिन मामले में अभी तक कोई कार्यवाही देखने को नही मिली है.

प्रतिबंध के बाद भी अवैध उत्खनन हो रहा है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी.

**सुशील कुमार, एसडीएम नरसिंहगढ़**

दुर्घटना मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. हमें अवैध उत्खनन की जानकारी नहीं थी आगे पड़ताल की जा रही है.

**जितेंद्र सिंह मवई, थाना प्रभारी कुरावर**

### सर्द हवाओं के बीच तापमान में गिरावट

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 30 नवम्बर का.** विगत दिवस ठंड का तेज प्रकोप रहा. इसके बाद कुछ दिन ठंड से मामूली राहत रही किंतु एक बार फिर ठंड का प्रकोप बढ़ने लगा है. सर्द हवाओं के बीच न्यूनतम तापमान में गिरावट आयी है. विदित है कि विगत दिवस न्यूनतम तापमान में काफी गिरावट होकर तापमान 5 डिग्री के आसपास जा पहुंचा था. तापमान में गिरावट के कारण ठंड का प्रकोप भी रहा. कुछ दिनों से आसमान में बादलों का डेरा बना हुआ है, जिसके कारण ठंड से कुछ राहत रही. लेकिन एक बार फिर सर्द हवाओं के चलने से ठंड का जोर बढ़ने लगा है. रविवार को न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री पर रहा. जबकि एक दिन पूर्व तापमान 9 डिग्री रहा था. जिला मुख्यालय पर मौजूद न्यूनतम तापमान मापी यंत्र काफी समय से क्षतिग्रस्त अवस्था में है. यंत्र के आसपास लगने वाली जाली आदि टूटफूट रही है, इन हालातों के चलते न्यूनतम तापमान की सटीक रीडिंग को लेकर भी संशय बना रहता है.

# 40 सालों की सेवा के बाद धूमधाम से की विदाई



**नवभारत न्यूज**

**खिलचीपुर 30 नवंबर, सं.** खिलचीपुर में शनिवार की रात एक ऐसा दृश्य देखने को मिला, जो शहर की यादों में लंबे समय तक दर्ज रहेगा. आमतौर पर सरकारी कर्मचारियों की विदाई किसी कमरे, मीटिंग हॉल या साधारण कार्यक्रम तक सिमटी रहती है, लेकिन पीएचई विभाग के स्टोर क्लर्क ब्रजेश शर्मा की विदाई ने इस परंपरा को पूरी तरह बदल दिया. 40 साल तक ईमानदारी से सेवा देने वाले 62 वर्षीय ब्रजेश शर्मा को विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने दूल्हे जैसी शान के साथ विदा किया. साफा, फूलमालाएं, ढोल-नगाड़े, नाच-गाना और 1 किलोमीटर तक चलता जुलूस निकाला. रात करीब 8 बजे ढोल बाजे के साथ बारात की तरह अधिकारियों और कर्मचारियों ने सड़क पर नाचते हुए उन्हें घर तक छोड़ा. रास्ते में कई लोगों ने रुककर ब्रजेश शर्मा को फूल पहनाए, शुभकामनाएं दीं और इस अनोखे सम्मान की तारीफ की. पिपली बाजार निवासी ब्रजेश शर्मा ने वर्ष 1985 में पीएचई विभाग में मस्टर क्लर्क के रूप में जॉइन किया था. विदाई से पहले शनिवार शाम पीएचई कार्यालय में सम्मान समारोह भी रखा गया. इसमें सहायक यंत्री देवेंद्र गौड़, उपयंत्री कमलेश पाटीदार (नीमच), विकास बघेल (खरगोन), फूल कुमार दुबे (राजगढ़), दिग्विजय सिंह तिर्की (खिलचीपुर) सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे.

### गीता महोत्सव पर 15वें अध्याय का पाठ आज

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 30 नवंबर, का.** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सस्वर पाठ 01 दिसम्बर, 2025 को प्रातः 10 बजे गीता मानस प्रचार समिति पारायण चौक राजगढ़ में किया जाएगा. आयोजन में सभी से शामिल होने की अपील की गई है. उल्लेखनीय है कि इस वर्ष श्रीमद भगवतगीता की 5162 वीं जयंति है. भगवान कृष्ण ने कुरुक्षेत्र में अर्जुन को कर्म पर व्याख्यान दिया था. वहीं गीता के रूप में वाचन किया जाता है. गीता वैश्विक ग्रंथ के रूप में पहचान स्थापित कर चुकी है और गीता जयंति पूरे विश्व में मनाई जाने लगी है.

### सेवानिवृत्ति पर शिक्षिका शीला शर्मा की भव्य विदाई

**राजगढ़ 30 नवम्बर, का.** कालीपीठ स्थित शासकीय उमावि में संकुल प्राचार्य के पद पर पदस्थ वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती शीला शर्मा के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें यादगार समारोह के साथ विदाई दी गई. समूचे गांव में डीजे, बैंडबाजे के साथ स्वागत, सम्मान स्वरुप जुलूस निकाला गया. शिक्षा जगत से जुड़े लोग, विद्यार्थियों सहित ग्रामीणजनों ने शिक्षिका को विदाई दी. गौरतलब है कि शिक्षिका श्रीमती शीला शर्मा वर्ष 2015 से कालीपीठ स्कूल में संकुल प्राचार्य के पद पर पदस्थ रही. मूलत: राजगढ़ निवासी श्रीमती शर्मा ने शिक्षा विभाग में पूरी ईमानदारी, समर्पित भाव से अपनी सेवाएं दी. सहज, सरल एवं मिलनसार व्यक्तित्व ने उनकी एक अलग पहचान बनाई. यही वजह रही कि उनके सेवानिवृत्त होने पर गाजे-बाजे के साथ गांव में जुलूस निकालते हुए जगह-जगह पुष्पवर्षा कर उनका सम्मान किया गया. आयोजन में शिक्षा जगत से जुड़े लोग, विद्यार्थी, ग्रामीणजन बड़ी संख्या में शामिल हुए. विद्यालय परिवार द्वारा उनके कार्यकाल को काफी सराहते हुए अभिनंदन पत्र भेंट किया गया.

# जाम लगना पहचान बन गई भेरू दरवाजे की

## व्यापारी और आमजन परेशान, ध्यान नहीं दे रहा स्थानीय प्रशासन और नपा

**नवभारत न्यूज**

**सारंगपुर 30 नवंबर, सं.** शहर के मुख्य चौराहे जो बाजार को जोड़ता हैं लेकिन यह व्यस्त चौराहे पर आए दिन ऑटो रिक्शा एवं चार पहिया वाहनों के कारण आए दिन जाम की स्थिति बन जाती है. जिससे व्यापारी सहित आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है हालत तो तब हो जाती है बस्तर जब दुकानों के सामने ही मोटरसाइकिल का खड़ी कर देते हैं जिससे जाम लग जाता है और भेरू दरवाजा चौराहे से जोशी दवा खाने तक की सड़क अत्यंत संकरी हैं. लेकिन यह सड़क



मार्ग पर ऑटो रिक्शा के कारण जाम लगता रहता है.

व्यापारी अनूप परमार ने बताया की भैरू दरवाजा चौराहे से जोशी दवा खाने तक ऑटो रिक्शा और चार पहिया वाहन दिन के समय प्रतिबंधित होना चाहिए जिससे जाम की स्थिति निर्मित ना हो सके, और तो और जम के कारण विवाद भी हो जाता है. भेरू दरवाजा चौराहे से जोशी दवाखाना तक चार पहिया और ऑटो रिक्शा वाहनों का प्रतिबंध यह व्यस्त चौराहे पर जाम की स्थिति ना बने इसके लिए प्रशासन को पूर्ण रूप से ऑटो रिक्शा और चार पहिया वाहन दिन में प्रतिबंधित करना चाहिए इसके पूर्व तत्कालीन एसडीएम तरूण राठी ने वन वे की व्यवस्था की गई थी लेकिन कुछ समय तक चली और उनके जाने के बाद पूरी व्यवस्था खत्म हो गई. मुख्यनगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनहरे ने बताया की अगर उच्च अधिकारी इस पर निर्णय लेते हैं तो नगरपालिका प्रशासन पूर्ण सहयोग करेगी



# मिनी ट्रक में क्रूरतापूर्वक ले जा रहे थे गौवंश को

## खिलचीपुर से भोपाल तरफ ले जा रहे थे वाहन

**नवभारत न्यूज**


**ब्यावरा 30 नवम्बर, का. बीती रात्रि को बायपास पर फुंदा मार्केट के यहां एक मिनी ट्रक से 21 गौवंश मिले, जिन्हें क्रूरता पूर्वक ले जाया जा रहा था. प्राप्त जानकारी के अनुसार मिनी ट्रक आयसर वाहन में गौवंश को ले जाया जा रहा था.**

सूचना मिलने पर गौ सेवकों के द्वारा बायपास पर फुंदा मार्केट के यहां ट्रक को रोककर इसकी सूचना पुलिस को दी. इस दौरान ट्रक चालक एवं क्लीनर मौके पर से फरार हो गये. ट्रक की तलाशी लेने पर इसमें कुल 21 गौवंश मिले. क्रूरता पूर्वक ले जाये जाने के चलते कई गौवंश गंभीर अवस्था में मिले. गौवंश को सुरक्षित रुप से गौशाला पहुंचाया गया. देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आयसर वाहन को थाने ले जाया गया. पुलिस के अनुसार मामले में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है. जल्द ही वाहन में सवार लोगों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा. उक्त वाहन में खिलचीपुर क्षेत्र से गौवंश भरकर भोपाल की ओर ले जाना बताया जाता है.

# अवैध सागौन से भरी पिकअप सहित आरोपी हिरासत में

**नवभारत न्यूज**

**सुठालिया 30 नवंबर, सं.** थाना पुलिस को भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि शासकीय अस्पताल की ओर से सफेद रंग की पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 04जीबी 6395 में अवैध सागौन की लकड़ी लेकर सुठालिया की ओर आ रहा है. सूचना पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मऊ रोड पर वाहन चेकिंग पाइंट लगाया गया. तथा वन विभाग के वन रक्षक राजेन्द्र सिंह खींची को भी मौके पर बुलाया गया. चेकिंग के दौरान मुखबिर द्वारा बताये वाहन को रोककर ड्राइवर से पूछताछ की गई, जिसने अपना नाम पवन पिता गोविन्द अग्रवाल निवासी गढ़ी मोहल्ला, सुठालिया बताया. पंचान चंदन पिता परमाल भिलाला एवं वन रक्षक की मौजूदगी में वाहन की तलाशी लेने पर फोम सीट व पुराने रजाई-गद्दों के नीचे सागौन की लकड़ी की कुल 36 सिल्लियां बरामद हुई. पूछताछ में चालक कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका. वन विभाग के अनुसार उक्त लकड़ी सागौन होना पाई गई, जिसकी अनुमानित कीमत 72 हजार रूपए तथा जप्त पिकअप वाहन की कीमत 6 लाख रूपए आंकी गई है. आरोपी द्वारा अवैध रूप से सागौन की चोरी एवं परिवहन किया जाना पाए जाने पर उसके विरुद्ध धारा 303(2) क्ष्हस्, 26/52 भारतीय वन अधिनियम एवं धारा 5/16 म.प्र. वन उपज अधिनियम 1969 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया है. कार्यवाही में उनि अनिल राहौरिया, थाना प्रभारी सुठालिया, आशीष दुबे, महेश कुमार भील, सोनू अहिरवार, विनोद, वन रक्षक राजेन्द्र सिंह खींची व पंचान चंदन भिलाला का सहयोग रहा.



# शादी समारोह में जा रहे लोगों की कार को टक्कर मारी

## एक युवक की मौत, 2 घायल हुए

**नवभारत न्यूज**

**करनवास/ब्यावरा 30 नवम्बर, सं. रविवार की सुबह 7 बजे के लगभग करनवास थानांतर्गत परसुलिया के समीप एक कार को अज्ञात वाहन ने जोर की टक्कर मार दी, कार में सवार शिवपुरी निवासी युवक का निधन हो गया. जबकि दो अन्य लोगों को चोट आई है. जिन्हें प्राथमिक उपचार बाद इंदौर रेफर किया गया है.**

जानकारी के अनुसार हाइवे पर परसुलिया के आगे पेट्रोल पंप के पास पुलिया के यहां कार को अज्ञात वाहन ने जोर की टक्कर मार दी. कार में तीन व्यक्ति सवार थे. कार में सवार चेतन दुबे निवासी शिवपुरी ने गंभीर चोट के चलते दम तोड़ दिया. जबकि अभिषेक पिता सुरेश कुमार पाराशर एवं लक्ष्य शर्मा को भी चोट आई है. घायलों को ब्यावरा लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद इन्हें इंदौर भेजा गया है.

**शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे** – कार में सवार सभी लोग मूलत: शिवपुरी निवासी है जो कि इंदौर में नौकरी व अन्य कार्य करते है. यह शिवपुरी में अभिषेक शर्मा के भाई के साले के शादी समारोह में शामिल होने इंदौर से कार द्वारा जा रहे थे कि यह घटना हो गई. घायलों को तुरंत ब्यावरा लाया गया. यहां के एक निजी नर्सिंग होम में उनका उपचार किया गया. प्राथमिक उपचार के बाद इन्हें इंदौर भेजा गया है. घटना की जानकारी लगते ही कार में सवार लोगों के परिजन, रिश्तेदार ब्यावरा पहुंचे. जानकारी के अनुसार अभिषेक शर्मा के जीजाजी भी कार से आने वाले थे किंतु रात्रि होने के कारण उन्होंने कार से न चलते हुए ट्रेन द्वारा इंदौर से शिवपुरी जाने का निर्णय लिया. इस तरह वह कार में नहीं आये.

**श्रद्धांजलि** ▶ **रक्तदान में हमेशा आगे रहने वाले राजेश सक्सेना बब्बल की यादव में नेत्र शिविर लगाया गया**

# रक्तदानी की याद में शिविर, 13 लोगों ने नेत्रदान का संकल्प लिया

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 30 नवंबर, का.** रक्दान जैसे कार्यों में हमेशा अग्रणी रहने वाले नगर के राजेश सक्सेना उर्फ बब्बल की स्मृति में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया. इस मौके पर परिवार के 13 सदस्यों ने नेत्र दान का संकल्प लिया. शिविर में लगभग 350-400 लोगों के नेत्र परीक्षण हुए है. लगभग 40 लोगों के नेत्र ऑपरेशन के लिए आनंदपुर में सद्गुरु सेवा संस्थान में निशुल्क नेत्र ऑपरेशन करवाया जाएगा. स्टार मित्र मंडल के द्वारा आज गायत्री मंदिर परिसर में सदगुरु सेवा ट्रस्ट आनंदपुर द्वारा लगाए



गए केम्प में 107 लोगो का नेत्र परीक्षण, 69 मरीजो को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु आनंदपुर भेजा गया. वहीं 13 लोगो द्वारा नेत्र दान का संकल्प लिया. नेत्रदान का संकल्प लेने वालों में राकेश चाचा, अश्विनी ताऊजी, श्रद्धा भुआ, सुषमा भुआ, संध्या भुआ, दिनेश फूफाजी, अमरेश चाचा, लकी, विधि, शानू,पंखुड़ी, आकाश, शिनू शामिल है.

### रक्तदान शिविर आज



स्टार मित्र मण्डल द्वारा रक्तदानी स्व. राजेश सक्सेना बब्बल की स्मृति में और उनके समाज सेवा से जुड़े कार्यों को श्रद्धांजलि देने के लिए आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है. नगर के पाटन रोड़ स्थित मेड़तवाल धर्मशाला में आज सुबह 11 बजे से रक्तदान किया जाएगा. उल्लेखनीय है कि स्व. राजेश सक्सेना सक्रिय और नियमित रक्तदाता थे. वे करीब 50 से अधिक लोगों को आपात स्थिति में रक्तदान कर चुके थे. वे समय समय पर रक्तदान शिविरों में भी हिस्सा लेते थे. उनका बीते 19 नवंबर को निधन हो गया है.